## खबर संक्षेप

### नवीन कलेक्ट्रेट भवन को लेकर कलेक्टर ने की स्थिति स्पष्ट




**मण्डला।** जिले में नवीन कलेक्ट्रेट भवन निर्माण को लेकर चल रही चर्चाओं पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को स्थिति स्पष्ट की। जिला योजना भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि उद्यानिकी विभाग की भूमि पर कलेक्ट्रेट भवन निर्माण के लिए स्थान चयन का प्रकरण माननीय हाईकोर्ट जबलपुर में विचाराधीन है। संबंधित मामले में आज की पेशी, माननीय न्यायाधीश के दिल्ली में होने के कारण आगे बढ़ गई है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा वर्तमान कलेक्ट्रेट परिसर में ही नवीन कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत जी-4/जी-5 श्रेणी के आधुनिक कलेक्ट्रेट का निर्माण किया जाएगा, जिससे प्रशासनिक कार्यों में सुगमता आएगी और आमजन को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि सोशल मीडिया पर चल रही किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी अथवा अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें। प्रेसवार्ता के दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह सहित इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बुधवार को आरोग्यम मण्डला जन स्वास्थ्य शिविर

**मण्डला।** ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से आरोग्यम मण्डला 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। दिन बुधवार 11 फरवरी को जिले में 32 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बम्हनी बंजर के सिलगी, अहमदपुर, ग्वारा, हिरदेनगर, गुरारखेड़ा, विकासखण्ड बिछिया के मांगा, देई, मनोहरपुर, मोचा, दिवारा, विकासखण्ड नैनपुर में मुगदरा, बीजेगांव, तिंदुआबम्हनी, चिचौली, विकासखण्ड बीजाडांडी में बेलखेडी, रमतिला, बिलनगरी माल, विकासखण्ड घुघरी में तबलपानी, परसवाह, डूण्डादेई, विकासखण्ड मवई में पौंडी बहरमुण्डा, घुटास, भीमडोंगरी, विकासखण्ड मोहगांव में उमरडीह, मोहगांव रैयत, गिठार, विकासखण्ड नारायणगंज में पटेहरा, कोबरीकला, शाहा, विकासखण्ड निवास में जंगलिया, जवैधामाल, मसूरघुघरी माल के ग्राम पंचायत, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## भवनो की मरम्मत के नाम पर करोड़ों के हुए भुगतान

# उपयंत्री पर मेहरबान विभाग

* कथित ठेकेदारों के माध्यम से करोड़ों के हेर फेर के लगे आरोप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






जिले का लोक निर्माण विभाग एक उपन्यत्री के कारनामों को लेकर जबरदस्त चर्चा में रहा है फर्जी 70 लाख के भुगतान का मामला प्रकाश में आया तो संबंधित मामले को प्रकाश में लाने वाले अनुविभागीय अधिकारी को ही किनारे लगा दिया गया और जिस उपयंत्री को अनुविभागीय अधिकारी का प्रभार दिया गया उस उपयंत्री पर पिछले तीन-चार वर्षो से लगातार विभाग मेहरबान रहा है आखिर इस उप यंत्री के पास ऐसी कौन सी तकनीक है जिसके माध्यम से ये निर्माण कार्य संपन्न कराते हैं जो तकनीक दूसरे उच्च अधिकारियों के पास नहीं है और शायद यही कारण है कि ये न केवल उप यंत्री के पद पर कार्य कर रहे हैं बल्कि अनुविभागीय अधिकारी का प्रभार भी इन्हें ही दिया गया है।

वर्तमान में इन्हें मंडला के उपयंत्री का दायित्व मिला हुआ है इन्हें निवास के उपयंत्री का भी कार्यभार दिया गया है इन्हीं को निवास का अनुविभागीय अधिकारी का प्रभार भी दिया गया है और इन्हें मंडला के अनुविभागीय अधिकारी का प्रभार देकर भी नवाजा गया है इसके साथ ही इनके ऊपर बिछिया सब डिवीजन के भुगतान की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है बिछिया डिवीजन में हो रहे निर्माण कार्यों के बिल वाऊचर इन्हीं के द्वारा ही संधारित किए जा रहे हैं अद्वितीय क्षमता के धनी ये उपयंत्री लोक निर्माण विभाग में सामान्य उपयंत्री के रूप में जब से मंडला में पदस्थ हुए हैं तब से इनका फेविकोल का जोड़ है कि टूटता ही नहीं।

उपयंत्री के नाते पदस्थ इन महाशय की प्रतिभा को पहचानते हुए विभाग प्रमुख द्वारा इन्हें चार-चार प्रभार पर काम करने दिया जा रहा है अब कैसे ये बेचारे मंडला निवास बिछिया के चक्कर ही लगाते रहते हैं एक सामान्य मानव से इतना अधिक कार्य लेना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है इस पर मानव अधिकार संगठनों को भी संज्ञान लेना चाहिए जब एक व्यक्ति इस तरह से काम कर रहा होगा तो निश्चित रूप से उसका पारिवारिक दायित्व भी प्रभावित होगा छोटे कर्मचारियों को बड़े कर्मचारी क्यों इस तरह से प्रताड़ित करते हैं इन्हें न केवल निर्माण कार्य संपन्न कराने पड़ते हैं बल्कि उनका मूल्यांकन भी करना होता है और फिर भुगतान कराने की जिम्मेदारी भी इन्हीं को ही सौंपी गई है आखिर क्यों इस तरह से इन पर अत्याचार किया जा रहा है।

### ठेकेदारों को भी संभालने का दायित्व इन्हीं पर

पिछले कुछ वर्षों से राजनीतिक रसूख वाले ठेकेदारों को सहयोग करने की जिम्मेदारी भी इन्हीं को ही सौंपी गई है 2021 से लेकर 2023 तक विभाग के अंतर्गत आने वाले भवनों की मरम्मत के नाम पर लगभग चार करोड़ रुपए का भुगतान ठेकेदारों को किया गया बताया जाता है कि इन ठेकेदारों के पास कोई तकनीकी ज्ञान नहीं है लिहाजा पूरा काम इन्हीं उपयंत्री को ही करवाना पड़ा और मूल्यांकन कर ठेकेदारों को भुगतान कराया गया भवनो की मरम्मत में कहीं दो लाख रुपए तो कहीं 15 लाख रुपए तक भुगतान संबंधित ठेकेदारों को किया गया है इस तरह से सभी ओर से प्रताड़ित हो रहे उपयंत्री जिनसे इस तरह का काम लिया जा रहा है इसकी शिकायत भी की गई कि मरम्मत के नाम पर जो भुगतान किए गए हैं उसकी किसी तीसरी एजेंसी से जांच कराई जाए और जिले से लेकर राजधानी तक के अधिकारियों को इस तरह का एक शिकायती पत्र सौंपा गया लेकिन ना तो जांच ही की गई और ना ही व्यवस्था में कोई बदलाव भी आया सिर्फ तीन वर्षों में भवनों की मरम्मत के नाम पर जब करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया गया तो आप समझ सकते हैं कि निर्माण कार्यों में कितनी राशि बंदरबांट हो रही होगी सामान्य जनमानस को इसकी जानकारी इसलिए नहीं होने पाती की विभाग किसी भी निर्माण एवं भुगतान की जानकारी सार्वजनिक नहीं करता जब कभी कोई जानकारी मांगी जाती है तो उसे आसानी से नहीं दिया जाता आर.टी.आई. लगाने पर भी विभिन्न विरोधाभासों का सामना लोगों को करना पड़ता है इसमें अनावश्यक समय भी जाया होता है और आईटीआई लगाने वालों को लालच भी देकर उनकी परीक्षा ली जाती है और जब कहीं से काम नहीं बनता तो फिर मजबूरी में जानकारी प्रदान की जाती है लेकिन व्यवस्था में परिवर्तन करने को कोई तैयार नहीं।

## 11 फरवरी को पं. दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर होगा प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान विचारक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह उनकी पुण्यतिथि 11 फरवरी को श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न होगा। इस अवसर पर अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते , कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के समस्त पूर्व जिलाध्यक्ष गण, पूर्व जनप्रतिनिधिगण, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्टी के जिला, मंडल एवं बूथ स्तर के समस्त पदाधिकारीगण, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की यह प्रतिमा पार्टी कार्यालय में स्थापित होकर आने वाली पीढ़ियों को उनके विचारों से प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का जीवन राष्ट्र सेवा, सादगी, त्याग और अंत्योदय के सिद्धांतों को समर्पित रहा है। उनका एकात्म मानववाद आज भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की दिशा में मार्गदर्शक सिद्धांत है। श्री मिश्रा ने आगे कहा कि यह प्रतिमा विशेष रूप से युवा पीढ़ी को राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता एवं अंत्योदय के विचारों से जोड़ने का कार्य करेगी। पंडित दीनदयाल जी का चिंतन भारतीय राजनीति में नैतिक मूल्यों और जनकल्याण की भावना को मजबूत करता है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं भाजपा समर्थकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करें तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लें।

### सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएँ-कलेक्टर

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि 10 फरवरी 2026 से कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएँ प्रारंभ हो रही हैं। पूरे आत्मविश्वास, धैर्य और एकाग्रता के साथ परीक्षा दें, आपकी मेहनत ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हूँ। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सभी परीक्षार्थी समय पर निर्धारित केंद्रों पर उपस्थित हों और तनाव मुक्त होकर परीक्षा में शामिल हों।

## वाय.एफ.सी. एकेडमी ने किया सेमीफाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




फाइटर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित फाइटर कप सीजन 2 का आज अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबला वाय.एफ.सी. एकेडमी एवं बी.एस.सी. गोरखपुर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर बी.एस.सी. गोरखपुर ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बी.एस.सी. गोरखपुर लड़खड़ाती हुई 14.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर मात्र 77 रनों में ढेर हो गई। बी.एस.सी. गोरखपुर की ओर से बल्लेबाजी में ललित मरावी ने 24 रन और पिंकेश पड़वार ने 10 रनों की पारी खेली। वाय.एफ.सी. एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में एरिक चौहान ने 3 विकेट अनुज परमार अमन कछवाहा और प्रखर पांडेय ने 2-2 विकेट एवं सौरभ दहिया ने 1 सफलता अर्जित की। 78 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए वाय.एफ.सी. एकेडमी ने 8 ओवरों में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। वाय.एफ.सी. एकेडमी की ओर से बल्लेबाजी में अनुज परमार ने नाबाद 26 रन आदिल खान ने 23 रन और प्रखर पांडेय ने नाबाद 14 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। बी.एस.सी. गोरखपुर की ओर से गेंदबाजी में पिंकेश पड़वार और गौरव दुबे ने 1-1 सफलता अर्जित की। इस प्रकार वाय.एफ.सी. एकेडमी ने इस मुकाबले को 8 विकेटों से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मैन ऑफ द मैच वाय.एफ.सी. एकेडमी के अनुज परमार रहे। इस मुकाबले में निर्णायक की भूमिका मोहित बरमैया और पार्थ बाजपेई ने निभाई। मंगलवार को टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला वाय.एफ.सी. एकेडमी और महिष्मति स्पोर्ट्स मंडला के बीच सुबह 10:00 बजे से और दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला फाइन स्पोर्ट्स क्लब और फाइटर इलेवन के बीच दोपहर 1:00 बजे से खेला जाएगा।

## जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को कराएं लाभान्वित:कलेक्टर श्री मिश्रा



* योजना भवन में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में हुई विस्तृत समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में योजना भवन में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाले संकल्प से समाधान अभियान सहित सीएम हेल्पलाइन और विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ एवं श्री सचिन जैन, समस्त एसडीएम, समस्त तहसीलदार सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि नगरीय निकायों और जनपदों में आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं। आवेदनों के निराकरण की स्थिति प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाए। यदि किसी आवेदन का निराकरण संभव न हो, तो उसका स्पष्ट कारण पोर्टल पर उल्लेखित करें।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जनपद और ग्राम पंचायतवार लक्ष्य निर्धारित कर संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। आगामी एक सप्ताह के भीतर लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत समाधान करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि जिले से होने वाले पलायन पर नजर रखें और विशेष अभियान चलाकर मजदूरों का संबल योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करें। पीएम आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि अगले 3 सप्ताह के भीतर जिले के सभी स्वीकृत और अधूरे आवासों को पूर्ण कराया जाए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने नगरीय प्रशासन को शहर के अग्निशमन वाहनों की तत्काल मरम्मत कराने तथा जिला आपूर्ति अधिकारी को जिले के पटाखा गोदामों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों और समय सीमा के पत्रों का जवाब 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। बैठक में सीएम मॉनिट, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आवंटित भूमि के प्रकरण, मध्यान्हभोजन एवं सांझा चूल्हा का संचालन, वनग्राम पोर्टल एवं वनग्राम को राजस्व ग्राम में परिवर्तन, अवमानना के प्रकरण, अंतर्विभागीय बिन्दु, मनरेगा लेबर बजट एवं कार्यपूर्णता, ड्रॉप मोर क्रोप योजना, प्रगति खेती के अंतर्गत बीआरसी की स्थापना सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

**वार्षिक समारोह** | उड़ान 2026 में सांस्कृतिक,धार्मिक, देशभक्ति कार्यक्रमों की रही धूम।

# ब्रेन चाइल्ड अकेडमी में वार्षिक समारोह

* हर्षोल्लास के साथ बच्चों ने की सहभागिता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






ब्रेन चाइल्ड एकेडमी का वार्षिक समारोह उड़ान 2026 एक भव्य आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा आईएएस ने छात्रों और अभिभावकों को पढ़ाई और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसने समारोह के माहौल को सांस्कृतिक और ज्ञानवर्धक बना दिया। इसके बाद भजन जामिंग प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में स्वर कोकिला स्व. लता जी की जीवन यात्रा पर आधारित एक सुंदर नृत्य प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बच्चों ने इन्क्रीडिबल इंडिया थीम पर आधारित नृत्य ने भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया। हनुमान चालीसा एक्रोबैटिक्स ने दर्शकों को हैरान कर दिया, वहीं अभिनेता स्व°धर्मेंद्र जी श्रृद्धांजलि देते हुए प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। एडमेन पीयूष पांडे के योगदान को विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी माता-पिता के बचपन की यादों को ताज़ा कर दिया।

भारत की शान पर आधारित शास्त्रीय नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि सिंडरेला फैंटेसी एक्ट ने सभी अभिभावकों को आकर्षित किया।एनसीसी कैडेट्स द्वारा एनएसजी ऑपरेशन्स का प्रदर्शन अत्यंत रोमांचक रहा।

बीसीए कॉमेडी शो ने दर्शकों को हंसाया, जबकि ऑपरेशन सिंदूर और नरसिंह अवतार नृत्य नाटकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया जो कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। अंत में, वायु सेना पायलट शुभांशु शुक्ला कीअंतरिक्ष यात्रा पर आधारित रतिरंगा ऑन स्पेस स्टेशन एक्ट ने समारोह का समापन किया।

कार्यक्रम के आयोजन में ब्रेन चाइल्ड एकेडमी के निर्देशक निशांत शुक्ला,प्रिंसिपल डॉ दिव्या शुक्ला,सीनियर कोऑर्डिनेटर सोनिया जैन और राजुल सिंहानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर इस भव्य समारोह को सफल बनाया।


### //शपथ पत्र//

मैं, रामकरण सोनवानी पिता श्री स्व. प्रेमदास सोनवानी आयु 46 वर्ष निवासी लाल बहादुर शास्त्री है वार्ड नं. 12 मंडला थाना तहसील व जिला मण्डला म0प्र0 आधार क्रमांक 9807 2922 9581 का यह शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :-

मेरे द्वारा वाहन परिवहन कार्यालय मण्डला से लायसेंस बनवाया गया था जिसका लायसेंस क्रमांक एम.पी. 51 अ-2012-0027176 हैं। जिसमे मेरा नाम राजू करण सोनवानी एवं जन्म तिथि 06.05.1974 त्रुटिवश अंकित हो गई है। मेरा सही नाम रामकरण सोनवानी एवं जन्म तिथि 23.08.1980 है जो मेरे आधार कार्ड, एवं सभी दस्तावेजों में अंकित है। जिसे दस्तावेजो के आधार पर सुधार किया जाकर मुझे द्वितीय लायसेंस प्रदान किया जावें।

शपथकर्ता रामकरन

### कार्यालय ग्राम पंचायत हिरदेनगर
जनपद पंचायत-मण्डला

क्रमांक-पंचा./मेला/2026/67 — हिरदेनगर दिनांक 09/02/2026

//मचलेश्वर मेला-हिरदेनगर 2025-26 हेतु नीलामी सूचना//

एक शताब्दी से अधिक समय से भरने वाला महाकौशल क्षेत्र का सबसे विशाल मचलेश्वर मेला-हिरदेनगर दिनांक 15 फरवरी 2026 से 02 मार्च 2026 तक (महाशिवरात्रि से होलिका दहन तक) ग्राम हिरदेनगर में आयोजित पशु पंजीयन ठेका की नीलामी दिनांक 13/02/2026 दिन शुक्रवार को समय 11 बजे दिन से कार्यालय ग्राम पंचायत हिरदेनगर के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। इच्छुक व्यक्ति आवश्यक शर्तों का पालन व सुरक्षा निधि जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं।

| क्रमांक | ठेका का नाम | अवधि | अमानत राशि | सालवेंशी राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पशु पंजीयन | दिनांक 15/02/2026 से 02/03/2026 | 100000.00 | 500000.00 |

मेला नीलामी की आवश्यक शर्तें कार्यालीन समय में कार्यालय ग्राम पंचायत में देखी जा सकती है।

अध्यक्ष, ग्राम सभा हिरदेनगर — सरपंच, ग्राम पंचायत हिरदेनगर, जनपद पंचायत मण्डला — उपसरपंच, ग्राम पंचायत हिरदेनगर, जनपद पंचायत मण्डला — सचिव, ग्राम पंचायत हिरदेनगर, जनपद पंचायत मण्डला

## खबर संक्षेप

### बंदूक लायसेंसधारी भी ले रहे है गरीबी रेखा योजना का लाभ

**सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से सरकार द्वारा गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले लोगों का भला करने की उद्देश्य को लेकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है उसका लाभ गरीबों को मिलने की जगह बड़े बड़े जमीदार लोग लेते हुए दिखाई दे रहे है, यदि सही मायने में देखा जावे तो इस योजना के तहत पात्र हितग्राही वही माने जाने है जिनके पास तीन एकड़ से कम जमीन हो, मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो गरीब रेखा सूची में अनेक इस प्रकार के लोगों के नाम देखने आसानी से मिल सकते है जिनके पास ट्रेक्टर से लेकर खेतों में नलकूप पानी दे रहे है इतना ही नही यदि गरीबी रेखा सूची की सच्चाई को जानने के लिए गहराई से खोज की जावे तो बंदूक के लाईसेंसधारी लोगों के नाम भी इस सूची में मिलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? जिसमें देखा जावे तो इस समय जनपद पंचाय सांईखेड़ा के अन्तर्गत अनेक ग्रामों में बनी गरीबों की लिस्ट को देखा जावे तो बड़ा आश्चर्य होता है, क्योंकि ब्लाक के पास उपलब्ध गरीबी सूची का यदि ईमानदारी से मुआवना किया जावे तो अनेक चौकाने वाले नाम सामने आ सकते है, उन लोगों तक नाम है जिनके पास टेक्ट्ररों से लेकर अनेक मोटर साईकिले तथा कई एकड़ जमीन है और जिनके बच्चें अधिक फीस वाले मंहगे स्कूलों में पढ़ने शहर जा रहे है, इतना ही नही गई लोगों के पास तो बंदूकों का लाईसेंस होने के बाद भी गरीब बने है। अधिकांश लोगों की स्थिति तो यह तक बन बनी है कि वह कई एकड़ जमीनों में धनी होने के बाद जमीन बच्चों के नाम कर शासन की वृद्वावस्था योजना का भी पूरा लाभ ले रहे है। जिसके कारण शासन की गरीबी रेखा का लाभ जो सही गरीबों को मिलना चाहिए वह उन्हें न मिलकर पैसा बालों को अमीर बनाता जा रहा है।

### विकास कार्यों पर लग रहे सवालिया निशान?

**मनकवारा/गाडरवारा।** जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने क्षेत्र की सुविधा हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं तथा अपने कोटे की निधि से विकास कार्य तो करवाये जाते हैं लेकिन अधिकारियों और ठेकेदारों की मिली भगत से इन निधियों का सही तरीके से उपयोग नहीं हो पाता और लाखों करोड़ों रूपयों की लागत से निर्मित विकास कार्यों की चंद महीनों में ही पोल खुलने से नही बच पाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत अनेक गांवों में देखने मिल रही है जहां पर कुछ महिनों पहले किये गये विकास कार्य जहां अपनी गुणवत्ता की सच्चाई बताते हुए नजर आ रहे है? क्षेत्रवासियों द्वारा जनचर्चाओं के दौरान बताया जा रहा है कि क्षेत्र के अनेक गांवों व ग्राम पंचायतों में जिस प्रकार से पूर्व में विधायक, सांसद सहित अन्य निधियों से निर्मित पुलिया, सीसी रोड, पंचायत भवन, शाला भवन, चबूतरे तथा अन्य निर्माण किये गए हैं साथ ही शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं सहित भी विकास कार्य जनप्रतिनिधियों के प्रयासो से हुए हैं वह अपनी गुणवत्ता की कहानी इस प्रकार से बताते हुए देखे जा रहे है जिससे सरकारी राशि विकास कार्यो के नाम पर खर्च की गई उसका औचित्य ही समाप्त होने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक कार्य शासकीय अधिकारी व ठेकेदारों की मिलीभगत से हुए हैं, उन निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग कर भवन, सीमेंट मार्ग, मुरमीकरण, कुँआ निर्माण काम किये गये है उनमे घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया जिसके चलते इन निर्माण कार्यों की पोल अब खुल रहते हुए दिखाई देने लगी है? क्योंकि जहां पंचातयों में चंद दिनों पहले बनाये गये सीमेंट मार्ग उधड़ रहे हैं

# नवागत टीआई चौहान द्वारा अपनी ओपनिंग में की जा रही धुंआधार कार्यवाही से बाउन्ड्री पार के तस्कारों में देखने मिल रही दहशत

## गांजा लेकर गाडरवारा तक पहुंचे आरोपियों की सच्चाई ने सांईखेड़ा पुलिस की भूमिका पर खड़े किये सबाल...?





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने की बागडोर संभालते ही नव नियुक्त टीआई अशोक चौहान द्वारा जिस तरह ओपनिंग बल्लेबाज की तरह धुंआधार तरीके से कार्यवाही की जा रही है उसका परिणाम है कि जिले की बाउन्ड्री से बाहर रहने वाले मादक पदार्थो के तस्कर जहां अपने अवैध कारोबार की तेज गति को अंजाम देने में असफल होते हुये दिखाई दे रहे है। वही टीआई चौहान की टीम द्वारा लगातार हर आरोपी के खिलाफ अपना डंडा घुमाते हुये उन्हे सलाखों के पीछे भेजने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। इस तरह लगातार दूसरे दिन गांजे की तस्करी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। बताया जाता है कि जहां चौहान की टीम द्वारा बीते हुये रविवार को समीपस्थ जिले के आरोपी के पास से पांच किलों गांजा सहित मोटर साईकिल जप्त करने में सफलता हासिल की गई थी। इसी प्रकार से लगातार दूसरे दिन फिर दो आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित एक मोटर साईकिल जप्त की गई है। इस सफलता का खुलासा करते हुये बताया है कि जिला पुलिस अधीक्षक डा ऋषिकेश मीना के निर्देषन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर के नेतृत्व में की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिवस नगर निरीक्षक अशोक चौहान की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर नगर की गोल्डन सिटी के पास दो युवकों को संदिग्ध स्थिति में पकड़े हुये जब उनसे पूछताछ की गई तो युवकों द्वारा अपना नाम अभिषेक पिता नरेश सिंह ठाकुर उम्र 23 साल निवासी बारना कालोनी तथा दूसरे ने अपना नाम अमन पिता गुलाब सिंह ठाकुर उम्र 23 साल निवासी सेमरी खोजरा दोनों निवासी जिला रायसेन बताया गया। वही पुलिस द्वारा जब इन दोनों मोटर साईकिल सबार युवकों की तलाशी ली गई तो उनके पास से पुलिस को 2 किलों गांजा मिलने पर टीआई अशोक चौहान की टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बालकृष्ण रघुवंशी, सुजीत बागरी, शिवम पटैल, दीपक राजपूत, अखिलेश पटैल, मोहन चौरे, करन सिंह, अक्षय श्रीवास्तव, रामसिंह द्वारा आरोपियों के पास से गांजा जप्त करते हुये गिरप्तार करने के बाद मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लिया गया है। वही पुलिस द्वारा इन आरोपियों के माध्यम से इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिरकार यह माल यहां किसको विक्रय करने के लिये लेकर आये हुये थें और कहा से प्राप्त किया गया था। अनुमान है कि शीघ्र ही टीआई अशोक चौहान की टीम मुख्य आरोपी तक पहुंचने में सफल हो जावेगी। इस तरह बीते हुये दो दिनों से समीपस्थ रायसेन जिले के गांजा तस्करों को पकड़ने में सफल होते हुये देखी जा रही है। इस कार्यवाही ने समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ी है। क्योंकि जिस तरह आरोपी मोटर साईकिल के माध्यम से गाडरवारा पहुंचकर इस अवैध कारोबार को संचालित करते हुये देखे गये है। वही निश्चित तौर से सांईखेड़ा मार्ग यानि की यहां के थाने से निकलकर ही गाडरवारा तक पहुंचने में सफल हुये होगे। यदि सांईखेड़ा पुलिस द्वारा अपनी सजगता व निष्ठा का परिचय दिया गया होता तो यह आरोपी यहां तक पहुंचने में सफल ही नही हो पाते..? इस तरह सच्चाई पर नजर डाली जावे तो निश्चित तौर से आसपास थाना क्षेत्र की उदासीनता का परिणाम है कि अन्य जिलों के आरोपी गाडरवारा शहर में पहुंचकर इस तरह अवैध कृत्यों को संचालित करने में सफल होते हुये देखे जा रहे है।

### आखिर में जल बिहीन नहरों का क्या औचित्य, जब किसानों को मौके पर नहीं मिल पा रहा है पानी



**हरिभूमि न्यूज/मनकवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र का किसान नही मिल पाने के कारण अपनी फसलों को लेकर परेशान देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर स्थिति इस प्रकार से है कि वह आगामी फसलों की तैयारियों को लेकर पानी की व्यवस्था तक पूरी करने में असमर्थ महसूस करने से नही चूक रहे है, मगर वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र में जहां शासन द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुए क्षेत्र के किसानों के खेतों में से नहरों का निर्माण तो कर दिया गया है, मगर उन नहरों में जरूरत के समय पानी नही आने के कारण उनके औचित्य पर भी सबाल खड़े होने लगे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब क्षेत्र में नहरों के निर्माण कार्य की शुरूआत हुई थी उस समय क्षेत्र के किसानों के चेहरों में इस सोच के साथ खुशी झलक रही थी कि क्षेत्र में नहरों का निर्माण होने के कारण उनकी जिन्दगी संभल जावेगी? जब नहरों से पानी आवेगा तो वह अपने खेतों में भर पूर फसल लेते हुए खुशहाली से झूम उठेगे( मगर इस समय वह खुशी उनके लिए मात्र एक सपना ही साबित हुए जान पड़ रही है? क्योंकि क्षेत्र में बनी हुई नहरे मात्र उन्हें चिडाते हुए जान पड़ रही है? क्योंकि क्षेत्र में करोड़ो की लागत से बनी हुई नजरों में पानी नही छोड़े जाने के कारण लोगों कह रहे है कि आखिर में जब नहरें बन ही चुकी है तो फिर इसका लाभ क्षेत्र के किसानों को मिल क्यों नही रहा है क्या यह नहरें सिर्फ दिखाने के लिए ही बनाई गई थी? जो आज मुश्बित के समय किसानों को उपयोगी साबित नही हो रही है तो फिर इनके निर्माण का मतलब ही क्या रह गया है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो नहरों के निर्माण के बाद संबंधित विभाग द्वारा न तो इनकी सफाई की ओर किसी प्रकार से ध्यान दिया गया है और न ही उन्हें चालू किये जाने की ओर कोई पहल की जा रही है, जिसके चलते उनकी उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ देखा जा रहा है? क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि समय रहते हुए इन नहरों में पानी नही छोड़ा गया तो इसके खिलाफ क्षेत्र के लोगों द्वारा आंदोलन जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसके जिम्मेदार नहर विभाग के अधिकारी व नेतागण होगे?

# किसी दिन बड़ी घटना को अंजाम दे सकते है बीच बाजार से निकलने वाले बडे वाहन



**हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।** जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को आने जाने के लिए अच्छी सुविधाएं प्रदान करने की सोच रखते हुये गांव गांव पक्की सड़को का निर्माण कराया गया जा रहा है, मगर सरकार द्वारा ग्रामीणों की सुविधाओं के नाम पर सड़को के निर्माण के लिए खर्च की जाने वाली यह करोड़ो की राशि निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सियों या फिर बडे वाहन मालिकों की मनमानी के भेट चढ़ने से नही चूक रही है..? बताया जाता है कि गांव गांव बनाई जाने वाली इन सड़कों की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि जहां वह निर्मित होने के चंद दिनों के उपरांत टूटना शुरू हो जाती है या फिर वह बडे वाहनों की भेंट चढ़ जाने के कारण ग्रामीणों के लिए सिर्फ परेशानी का कारण ही नही बल्कि खतरे की घंटे बजाने से नही चूक रही है..? क्योंकि बडे वाहन चालकों द्वारा इन पक्की सड़कों पर जिस प्रकार से अपने बडे वाहनों को दौड़ाया जाता है उसके चलते सड़कों के किनारे रहने वाले लोगों की जान खतरे में पड़ने से नही चूक रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय खुलरी में देखने मिल रही है जहां पर आये दिन गांव के अंदर से निकल रहे बडे वाहनों के चलते आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा पैदा तो हो ही रहा है। मगर सबसे भयानक स्थिति इस समय निर्मित हो जाती है जब यहां पर प्रति रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान देखने मिलती है। क्योंकि बाजार के पास से निकला हुआ मुख्य मार्ग से जहां दूर दूर से दुकाने लेकर आने वाले दुकानदारों को यहां से निकलने वाले बडे वाहनों के चलते खतरा दिखाई दे रहा है, इसी बात को ध्यान में रखते हुए लोगों द्वारा बाजार के दिन यानि की रविवार को दोपहर 1 बजे से शाम 8 बजे तक इस मार्ग से बडे वाहनों के निकलने पर रोक लगाये जाने की मांग की जाने लगी है..? यदि प्रशासन द्वारा समय रहते हुए इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

### नगर के वार्डो में घुस रहे भारी ट्रक व डम्फर से नगरवासियों की जिन्दगी खतरे में?

**गाडरवारा।** नगर की मुख्य सड़क आमगांव नाका से स्टेशन तक भारी वाहनों के दवाव के चलते लाखों रूपया की लागत से वायपास रोड का निर्माण किया गया है। वही दूसरी ओर नगरवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर नो एन्ट्री भी लागू की गई है? मगर इसके बाद यदि भारी वाहन नगर के वार्डो में ही प्रवेश करने लगे तो नगरवासियों की जिन्दगी कहा तक सुरक्षित रह सकती है? इस बात की मिशाल इस समय नगर के अनेक वार्डो में दिखाई दे रही है। नगर के अनेक वार्डो में रेत गिट्टी सहित अन्य सामग्री लेकर खुलेआम में भारी भरकम डम्फरों व ट्रको की आवाजाही जाई से जहां नगरपालिका द्वारा आमजन की सुविधा के लिए बनाई गई सड़के टूट रही है। वही दूसरी ओर यहां के लोगों की जिन्दगी पूर्णरूप से खतरे में दिखाई पड़ रही है? मगर प्रशासन की उदासीनता के चलते यदि इस प्रकार से भारी वाहन नगर की सकरी कुलियों में प्रवेश करते रहे तो निश्चित तौर से जहां नगरपालिका की सड़कों को क्षति पहुंचाएगे? और किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना को अंजाम देने से भी नही चुकेगे? मगर पता नही प्रशासन किसी बात का इंतजार कर रहा है कही ऐसा तो नही की कोई बड़ी घटना के बाद ही प्रशासन की नीद खुलेगी?

# अतिक्रमण हटाने में नाकाम साबित हो रहा प्रशासन, सरकारी जमीन पर प्रभावशालियों ने जमाए अपने टपरे, गरीबों से बसूल रहे पैसा





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** वर्तमान में शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र पलोटन गंज, राठी तिराहे, शासकीय शालाओं के इर्द गिर्द शुक्रवार बाजार, मंदिरो, मस्जिदो के सामने पसरे अतिक्रमण से जहां शहर को सौन्दर्यीकरण खतरे में पड़ गया है। वही शहर में चौतरफा हुए अतिक्रमण से राहगीरो, वाहन चालकों का सड़को से गुजरना दूभर होता जा रहा है। गौरतलब है कि नगर में इस समय नजूल, नपा.लोक निर्माण विभाग द्वारा अपनी बेश कीमती भूमि की परवाह न करने से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलन्द हो गए है, जिसके चलते सड़कों के किनारो, चौराहो के नजदीक शासकीय भूमि का दुरूपयोग करते हुए अतिक्रमणकारी ठेले रख रहे है। इस तरह की सच्चाई को मिडिया द्वारा उजागर किया जाता है तो लोग यह बात कहने से नही चूकते है कि गरीब लोग अपने ठेला जमाते हुये रोजीरोटी चला रहे है..? मगर यह सच्चाई एकदम विपरित देखने मिल रही है। क्योंकि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वाले गरीब नही है। उन्हें तो यहां पर अपनी रोजी रोटी कमाने के लिये इन अतिक्रमणकारियों को किराया भरने मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि शासकीय भूमि पर प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा जमाते हुये स्थापित किये गये टपरों व ठेलों को किराये से देते हुये गरीबों से हर माह हजारों की राशि बसूली जा रही है। यह सच्चाई नगर की पानी टंकी से लेकर शासकीय चिकित्सालय मार्ग सहित अन्य जगहों पर देखी जा सकती है..? जहां पर खाली पड़ी सरकारी भूमि पर प्रभावशालियों द्वारा कब्जा करते हुये अपने ठेले स्थापित कर कब्जा जमा लिया गया और वह किराये से देकर जिस तरह गरीबों का शोषण किया जा रहा है। मगर हैरत की बात यह है कि यह प्रभावशालियों को सत्ता से जुडे हुये लोगों का इस तरह संरक्षण मिल रहा है कि अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करने के नाम पर ठंड में पसीना आते हुये देखा जाता है..? इस तरह सड़को के किनारे फैले हुये अतिक्रमण के आलवा अन्य दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर में जहां तहां खाली पड़ी शासकीय भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है? जिससे नगर का स्वरूप बिगाड़नें का प्रयास कर रहे है, इस बेजा हो रहे अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था तो चौपट हो ही रही है साथ ही शहर में जहां तहां जाम लगने, दुर्घटनाएँ होने के अंदेशा सदा बना रहता है। विदित हो कि शहर के प्रमुख बाजार में जहां अनेक व्यापारी आधी सड़क पर कब्जा जमा अपनी दुकानो का सामान प्रदार्शित करते है तथा झंडाचौक पर मनमर्जी से दुकानें लगाने से शाम के समय सड़को से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसी तरह शैक्षणिक संस्थाओं के इर्द गिर्द अतिक्रमणो की बाढ़ आने से शालाओं में पहुँचने वाले बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ज्ञातव्य है कि बैंकों, सब्जी बाजार, अनेक शासकीय कार्यालयो में वैसे भी पार्किंग व्यवस्था का अभाव है तो दूसरी ऊपर से नगर में अतिक्रमण की अमरबेल फैलती चले जाने से विकसित हो रहे नगर की ट्रेफिक व्यवस्था पंगु होती जा रही है। शहरवासियो का कहना है कि शहर में धड़ल्ले से चहुँओंर अतिक्रमण होने से गाडरवारा की पहचान मुश्किल भरे शहर के रूप में बनती जा रही है और बेतरतीब बसाहट, ठेले, ठिलियो का जाल फैलने से नगर की सुंदरता को ग्रहण लगने लगा है, बेबाक लहजे में कुछ लोगो का कहना है कि वास्तव में अतिक्रमण फैलाने की बीमारी राजनीतिक पहुँच वाले असरदारों की देन है? इसलिए जब भी प्रशासन कोई अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू करता है वे उसके सुर में सुर मिलाकर अपना अतिक्रमण हटाने की बजाय शासकीय भूमि पर टपारिया बनाकर रहने वालो व चाय पान का ठेला लगा अपनी जीविका चलाने वाले नौजवानो का बालि का बकरा बना देते है। इन लग्जरी रंगी बिरंगी कार मेनो की इस तिकडम का नतीजा है कि नगर अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पा रहा है और शहर में खुलेपन का माहौल नही बन पा रहा है, प्रशासन, नपा. से शहर के निवासियो ने गुहार लगायी है कि वह शहर को अतिक्रमण के जंजाल से मुक्त करने की दिशा में पहल करें।

# आज से वोर्ड परीक्षाओं का हो रहा शुभांरभ, शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छात्रों को शांति पूर्वक परीक्षा देने का दिया संदेश









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित तौर से परीक्षा शब्द इस तरह से होता है कि वह छात्र छात्राओं को चिंता में डालने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर सहित क्षेत्र के छात्र छात्राओं में देखने मिल रही है। क्योंकि आज से कक्षा 12 वी की परीक्षा के साथ वोर्ड परीक्षाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। इस स्थिति में निश्चित तौर से छात्र छात्राओं के चेहरों पर जहां चिंता दिखाई देने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर बच्चों की वोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिला कलेक्टर द्वारा ध्वनि यंत्रों पर प्रतिबंध जरूर लगाया गया है। मगर उसका पालन नही होने के चलते लगातार शहर में शोरगोल होने के कारण बच्चों को अपनी परीक्षाओं की तैयारियों में परेशान होते हुये देखा जा रहा है। इस प्रकार से आज से शुरू हो रही वोर्ड परीक्षाओं को लेकर नगर के स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं को शांति पूर्वक परीक्षा देने का संदेश देते हुये हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि जब परीक्षा भवन में पहुंचते है तो उन्हें अपने पेपर पर ही ध्यान देना चाहिये। क्योंकि किसी भी पेपर को हल करने के लिये यदि मन शांत रहता है तो उसका हाल आसानी से किया जा सकता है। इस संबंध में शिक्षिका श्रीमति दुर्गा राय का कहना है कि छात्र छात्राओं द्वारा जिस मन विश्वास के साथ पढ़ाई करते हुये तैयारी की गई है उसी आधार पर यदि मन लगाकर वह पेपर हल करते है तो सफलता आसानी से मिलती है। इसी प्रकार से माध्यमिक शिक्षक राजेन्द्र गुप्ता का कहना है कि वार्षिक वोर्ड परीक्षा हर विद्यार्थी के लिये अपने ज्ञान, परिश्रम और अनुशासन को परखने का महत्वपूर्ण अवसर होती है। यह समय आत्मविश्वास बनाये रखने और धैर्य के साथ आगे बढ़ने के जुनून का होता है। नियमित अध्यापन, समय के सही प्रबंधन और सकारात्मक सोच सफलता की कुंजी होती है। श्रीमति उमा आरसे का कहना है कि वोर्ड परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिये आत्म विश्वास और शांति बहुत जरूरी है। जब आप शांत मन और एकाग्र मन से उत्तर खिलते है तो आपका आत्मबल आपके शब्दों में झलकता है। इसी प्रकार से व्याख्याता राजेश गुप्ता का कहना है कि हर छात्र छात्रा से अपेक्षा है कि वोर्ड परीक्षा के नाम से वह घबराये नही। इस दौरान वह समय तथा खान पान का विशेष ध्यान रखते हुये अपनी पढ़ाई करे। जब परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे तो सबसे पहले प्रश्न पत्र में दिये गये प्रश्नों को अच्छे से पढ़े इसके बाद शांत मन व आत्म विश्वास के साथ उन प्रश्नों को हल करते है तो निश्चित तौर से सफलता मिलती है। इस तरह शिक्षकों द्वारा वोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र छात्राओं को उनके उज्जबल भविष्य की कामना करते हुये वोर्ड परीक्षा के दौरान शांत मन व धैर्य बनाते हुये परीक्षा में शामिल होने का संदेश दिया गया है।

# बसेडिया की सर्दी से बचाने कंबल वितरण सेमवा को हुआ समापन







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समाज सेवा को जुनून जिस तरह से मुकेश बसेडिया में देखा रहा है वह निश्चित तौर से अपने आप में एक अनोखी मिशाल कायम करने में पीछे नही है। क्योंकि उनकी यह समाज सेवा ऋतुओं के आधार पर चलते हुये देखी जाती है। बगैर किसी दिखाबे जहां सर्दी भरी रातों में रात रात भर घुमकर उन बे सहारा लोगों को खोजते फिरते है। वही गर्मी के दिनों में मूक पशुओं से लेकर पक्षियों के साथ आम लोगों को ठंडे पानी की व्यवस्था करने में पीछे नही रहते है। वही बारिश के दिनों में जंगल क्षेत्र में पैदल भ्रमण करते हुये गरीबों को भोजन प्रसादी से लेकर अन्य जरूरी सामग्री पहुंचाने में पीछे नही रहते है। इस तरह साल भर ऋतुओं में बदलाब होते हुये जरूर देखा जाता है। मगर बसेडिया की समाज सेवा में कभी रूकावट देखने नही मिला है। इस तरह देखा जावे तो बसेडिया द्वारा अपनी जिन्दगी का मकसद मात्र समाज सेवा ही बना लिया हो..? इस प्रकार नगर के समाजसेवी मुकेश बसेडिया ने गर्मी की दस्तक प्रारंभ होते ही फाल्गुन सीताष्टमी पर सर्दी के मौसम से सतत चल रहे रात्रि कंबल फेरा का समापन बैंड बाजे के साथ किया गया। इस तरह तीन माह पहले अगहन शुक्ल अष्टमी से कंबल रात्रि फेरा का शुभारंभ किया था जिसमे प्रतिदिन रात्रि में कंबल, चादर आदि लेकर दोपहिया या चार पहिया वाहन से शहर के छीपा तिगड्डा, बसस्टेंड, रेलवे स्टेशन, शासकीय अस्पताल सहित अन्य मुख्यमार्गों में घूम कर सर्दी में ठिठुरते हुये निराश्रित, असहाय या साधन विहीन लोगो को कंबल प्रदान कर उन्हें सर्दी में ठिठुरने से बचाने हेतु देखा जाता रहा है। उल्लेखनीय है कि विगत अनेक वर्षो से बसेडिया सर्दी के सीजन में ये मुहिम चलाते है,जिसकी सूचना वह सर्दी के प्रारंभ में ही सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यम से अपील करते है कि यदि किसी को कोई असहाय साधन विहीन सर्दी से ठिठुरता हुआ दिखाई दे तो तत्काल फोन द्वारा हमे सूचित करें। जिससे शीघ्र राहत पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए बसेडिया ने बताया कि आज से लगभग 13 वर्ष पहले एक न्यूज पेपर किसी शहर में निराश्रित वृद्ध की ठंड से मौत की खबर पढ़कर इस अभियान की शुरुआत की थी जबसे सतत सर्द रात्रि में प्रतिदिन मध्य रात्रि के आसपास अपने वाहनो कार या मोटर साइकिल से कंबल का रात्रि फेरा करते है। अनेक बार सर्दी से ठिठुरते हुए लोगो को कभी पेपर, कभी पालीथीन या आग का सहारा लेते हुए कभी साधन विहीन ठिठुरते देखा और इस मुहिम में अनेक असहाय वृद्धजनों की मध्य रात्रि में सर्दी से ठिठुरते हुए जान बचाई। इस उन्होंने बताया कि किसी को कंबल देना बहुत आसान है पर भीषण सर्दी में रजाई में सोने के बाद उठकर जाना अत्यंत दुष्कर कार्य है ये सब मां विजयासन व श्री दादाजी धूनी वालो की असीम कृपा से होता है।

# क्षेत्र में कागजों मे चल रहे अनेक आंगनबाडी केंद्र

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** शहरों के साथ साथ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को अनेक प्रकार के लाभ देने के उद्धेश्य से करोड़ो रूपया खर्च आगंनवाड़ी केन्द्रो की स्थाना की गई है। मगर देखनें में आता है कि ग्रामीण अंचलों मे संचालित आंगनबाडियों का फायदा महिलाओं,बच्चों को नही मिल पा रहा है..? जबकि इनके लिए सरकार करोडो रूपए खर्च कर योजनाए बनाती है,इस बात की सच्चाई इस समय समीपस्थ जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत अनेक गांवों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रो में आसानी से देखने मिली सकती है? बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक आंगनबाडियों में मासूम बच्चों को न तो पौष्टिक आहार मिलता और न पढाई सुविधा मिल रही है। वही गर्भवती महिलाओं को इन केन्द्रों से समय समय पर जो लाभ मिलना चाहिए था वही भी नही मिल पा रहा है। जबकि केन्द्रों के कागजों के हिसाब से देखा जावे तो उनकी खाना पूर्ति पूर्णरूप से होती रहती है। वही ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ,केंद्र प्रभारियों की सांठगांठ से फर्जी बिल,आंकडे तैयार कर प्रतिवर्ष लाखों रूपए गोलमाल कर दिए जाते है? अनेक केंद्रों पर मनमर्जी है उन्हे आंगनबाडी केंद्र को कब बंद करना है, कब खोलना यह सब उसकी मनमर्जी पर होता है?वही संबंधित अधिकारियों द्वारा इनका निरीक्षण सिर्फ शासकीय गाड़ियों में घूमते हुए औपचारिकत पूर्ण देखने मिलता है? केन्द्र की अनेक योजनाएं बंद-आगंनबाडी केंद्रों मे चलने वाली गर्भवती महिलाओं, बच्चों के कुपोषण रोकने, पोषण आहार, गोद भराई, अन्न प्रसान,वजन मेला जैसी कई योजनाएं बंद पडी हुई जान पड़ रही है और इन तमाम कार्यक्रम सिर्फ कागजी खानापूर्ति तक सीमित है? वही आंगबाडियों द्वारा बनाए गए महिला स्व सहायता समूह की भूमिका भी संदिग्ध नजर आने से भी नही चूक पा रही है, जिसमें फर्जी समूह बनाकर फायदा उठाये जाने की चर्चाएं आम होती चली जा रही है? वही बच्चों को जिस प्रकार से साप्ताहित चार्ट के अनुसार भोजन मिलना चाहिए वह सिर्फ कागजों में तो मिल रही है,मगर हकीकत में यह सिर्फ कागजों तक ही सिमट कर रह गई है?

# जिला अस्पताल के निलंबित कर्मचारियों की बहाली को लेकर स्वास्थ्य अमले का विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

डिंडौरी।

जिला चिकित्सालय के दो कर्मचारियों के विरूद्ध की गई निलंबन की कार्यवाही को बिना शास्ति के समाप्त करने के संबंध में स्वास्थ्य अमले ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।





ज्ञापन में लेख किया गया कि जिला चिकित्सालय सहित पूरे जिले के स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारियों का कार्य बहुत ही संवेदनशील है। अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा मानव हित को ध्यान में रख कर अपने कर्तव्य का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से किया जाता है। समय समय पर अपनी जान को जोखिम में डालकर भी रात दिन सेवाएं दी जाती है। स्वास्थ्य विभाग के कार्य की गंभीरता और संवेदनशीलता को ध्यान में रखे बगैर जिला अस्पताल के कर्मचारियों के विरूद्ध एकतरफा निलंबन की कार्यवाही की गई है। ज्ञापन में बतलाया गया कि बीमारी की गंभीरता को देखते हुए 6 फरवरी को मरीज रवीन्द्र मरावी को जबलपुर रेफर किया गया था, जिसकी मृत्यु अज्ञात कारणों से रास्ते में हो गई थी। इस संबंध में जांच किए बगैर और बिना कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए कलेक्टर कार्यालय से आदेश जारी कर विमला द्विवेदी फार्मासिस्ट और जयमति नंदेहा नर्सिंग आफिसर को निलंबित कर दिया गया है। जो कि मप्र शासन के नियमों के विरूद्ध और अन्यायपूर्ण कार्यवाही की गई है, इसलिए उक्त कार्यवाही को बिना शास्ति के तत्काल समाप्त किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में लेख किया गया कि जिला चिकित्सालय सहित पूरे जिले के कर्मचारियों द्वारा सीमित संसाधन के साथ गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती है और भविष्य में भी बेहतर सेवाएं के लिए कटिबद्ध है। जिला चिकित्सालय की महिला कर्मचारी विमला द्विवेदी और जयमति नदेहा के विरुद्ध की गई एकतरफा निलंबन की कार्यवाही से जिला चिकित्सालय सहित पूरे जिले के स्वास्थ्य कर्मचारी असंतुष्ट है, और आहत महसूस कर रहे है। ज्ञापन देने पहुंचे कर्मचारियों ने बतलाया कि निलंबित कर्मचारियों को बहाल नहीं किया गया तो मप्र राज्य कर्मचारी संघ आगामी कार्यवाही के लिए बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत, पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक पर दर्ज किया मामला

डिंडौरी। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लुटगांव निवासी युवक की सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद मोटर साईकिल चालक के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस के अनुसार मृतक सुमित चंदेल पिता प्रकाश चंदेल उम्र 25 साल निवासी ग्राम लुटगांव की मौत के बाद निरीक्षण घटनास्थल निरीक्षण, मृतक के शव की पंचनामा कार्यवाही के बाद जिला अस्पताल से पीएम रिपोर्ट प्राप्त की गयी। मृतक के परिजन व गवाहों के कथन लेखबद्ध किये गये। जिन्होंने अपने कथन मे बताया कि मृतक सुमित चंदेल मुडकी रोड मे पान की दुकान चलाता था। जो दिनांक 9 जनवरी को सुबह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 52 जेडए 4617 से घर से दुकान के लिये निकला था। रात मे 9 से 9.30 बजे फोन कर बताया था कि मैं शादी मे जा रहा हूं। रात करीब 12.30 बजे तक सुमित घर वापस नही आया तब सुमित की पत्नी ने सुमित के मोबाइल में फोन लगाया। लेकिन पुलिस कर्मी ने फोन उठाकर बताया कि सुमित का उदरी रोड लुकामपुर में क्रेशर के पास एक्सीडेंट हो गया है उसको चोट लगी है जिसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय लेकर जा रहे है। परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंचकर देखे तो सुमित की मृत्यु हो चुकी थी। सुमित चंदेल रात करीब 12 से 12.30 बजे डिंडौरी से अपनी मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रहा था। उदरी रोड लुकामपुर क्रेशर के पास उदरी तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 52 जेडए 0447 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सुमित की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थे, जिससे सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध मामला कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### नर्सिंग छात्रा का आरोपः कॉलेज ने तय फीस से ज्यादा वसूली, कलेक्टर से शिकायत

डिंडौरी। भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज डिंडौरी में अध्ययनरत रही छात्रा ने कॉलेज प्रबंधन पर रजिस्ट्रेशन फीस से अधिक राशि लेने का आरोप लगाया है इस बावद विगत दिवस कलेक्टर कार्यालय में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना धनेश्वर यादव ने बतलाया कि भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज डिंडौरी से जीएनएम नर्सिंग शिक्षण सत्र 2020-21 में अध्ययनरत रहते हुए कार्य पूर्ण किया है, लेकिन कॉलेज के डायरेक्टर द्वारा डिप्लोमा के रजिस्ट्रेशन हेतु 22 हजार रुपये की मांग की जा रही है, और हेड आफिस से आदेश का हवाला दिया जा रहा है। जब छात्रा द्वारा आदेश दिखाने की मांग की जा रही है लेकिन आदेश भी दिखाया नहीं जा रहा है। फरियादिया ने बतलाया कि कालेज प्रबंधन द्वारा प्रवेश के दौरान बतलाया गया था कि डिप्लोमा रजिस्ट्रेशन चार्ज 5 हजार रुपये लिया जाएगा इसके अलावा कोर्स कंपलीट करने वाले छात्रों से अलग-अलग राशि 1 हजार से 2 हजार रुपये लिया जा रहा है। छात्रों द्वारा पूर्व में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी जिस मामले में कलेक्टर के द्वारा संबंधित कालेज प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

### शासकीय कुएं पर कब्जा और अवैध शराब बिक्री का आरोप, युवक ने की शिकायत



डिंडौरी। नगर के वार्ड नम्बर चार निवासी एक युवक ने वार्ड की ही एक महिला पर अवैध रूप से शराब विक्रय एवं शासकीय कुआ में अवैध कब्जा किये जाने संबंधी आवेदन कलेक्टर कार्यालय में विगत दिवस दिया है। आवेदन में विकास जैन पिता प्रदीप कुमार जैन ने बतलाया कि मेरे घर के बाजू में महिला का मकान है। महिला के द्वारा शासकीय कुआ में अवैध रूप से कब्जा कर लिया है व कुएं से लगाकर अपना मकान बना लिया है। आरोप लगाया गया कि महिला अन्य लोगो को कुंए का उपयोग करने से मना करती है। साथ ही कुए के आस पास जाने पर महिला द्वारा गाली गलौज की जाती है, जिससे आसपास के लोग काफी परेशान हैं। आरोप है कि महिला के द्वारा उक्त मकान में अंग्रेजी शराब का विक्रय किया जा रहा है, जिससे शराब लेने आने वाले ग्राहकों के द्वारा घर के आसपास लडाई झगडा किया जाता है। शराब के नशे में गाली गलौच भी देते है। आरोप है कि रात्रि काल 11 से 03 बजे तक शराब लेने के लिए ग्राहकों की भीड़ लगती है, तथा शराब खोरों के गाली गलौज से भी शांति भंग होती है। पास में कुआ होने से कभी भी शराब के नशे में कोई अप्रिय घटना होने की पूर्ण संभावना बनी रहती है। आवेदक ने मांग की है कि अवैध रूप से कुआं में किए गए कब्जा को मुक्त कराकर अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाई जाये।

# मनरेगा और आवास योजना में गड़बड़ी के आरोप, रोजगार सहायक को हटाने की मांग



डिंडौरी।

जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत दूबा माल के रोजगार सहायक पर रोजगार गारंटी योजना सहित अन्य कार्यों में गड़बड़ी करने के आरोप लगाए हैं ग्रामीणों ने रोजगार सहायक को हटाये जाने के लिए कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि रोजगार सहायक गंगाराम तेकाम द्वारा मनमानी तरीके से कार्य किया जाता है प्रधानमंत्री आवास में फर्जी जियो टैग किया गया है, तथा ग्रामीणों के जॉब कार्ड बनाना एवं नाम जोडने में भी हीला हवाली की जाती है आरोप लगाया गया है कि रोजगार सहायक द्वारा मनरेगा योजना के तहत कराये जा रहे कार्यों के दौरान अपने परिवार के सदस्यों की फर्जी हाजिरी लगाई जाती है, तथा पूर्ण प्रधानमंत्री आवास में हितग्राहियों की निर्धारित मानव दिवस मजदूरी में भी कटौती की जाती है। यह भी शिकायत में उल्लेख किया गया है कि रोजगार सहायक द्वारा अपने पुत्र संतोष तेकाम के नाम से आवास स्वीकृत कराते हुए फर्जी जियो टैग कर लगभग 65 हजार रुपये की राशि आहरण कर लिया गया है एवं निर्धारित मानव दिवस से अधिक 116 मानव दिवस का भुगतान भी दिया गया है। इसके अलावा यह भी आरोप लगाया गया कि सीसी रोड निर्माण 2017 एवं 2019 में कराया गया जिसमें फर्जी बिल लगाकर राषि का आहरण किया गया है। ग्रामीणों ने बतलाया कि इस बावद पूर्व में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन कार्रवाई नहीं होने से रोजगार सहायक ग्रामीणों को ही धमकी देते हुए कहता है कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से कार्रवाई की मांग की है।

# निर्माण में अनियमितता पर सख्ती, तत्कालीन सरपंच से होगी 2 लाख की वसूली

डिंडौरी। जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत रकरिया के तत्कालीन सरपंच और सचिव पर निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने पर न्यायालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी विहित प्राधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी ने देयता अधिरोपित किया है। हालांकि सुनवाई के दौरान तत्कालीन सचिव द्वारा देयता राशि जमा करा दी गई थी जिसके बाद तत्कालीन सरपंच के विरुद्ध वसूली के आदेश पारित किये गये हैं। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत रकरिया के पोषक ग्राम सुरजपुरा माल में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत रंगमंच ग्राम चौपाल का निर्माण कार्य 2 लाख 50 हजार की राशि से कराया जाना था। लेकिन तत्कालीन सरपंच शिवनंदन सिंह उईके एवं सचिव दूबर सिंह धुर्वे द्वारा प्लिंथ स्तर तक ही कार्य कराया गया एवं चार कॉलम खडे कर छत ढलाई का कार्य नहीं कराया गया और राशि आहरण का व्यय कर ली गई थी। इसी तरह बस्ती विकास योजनांतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य ग्राम सुरजपुरा माल में स्वीकृत राशि 2 लाख 50 हजार से कराया जाना था लेकिन कार्य प्रारंभ ही नहीं किया गया, बावजूद इसके संपूर्ण राशि आहरित कर ली गई। जनपद स्तरीय जांच दल द्वारा जांच उपरांत तत्कालीन सरपंच शिवनंदन सिंह उईके एवं सचिव दूबर सिंह के द्वारा बगैर निर्माण कार्य कराये 5 लाख रुपये का आहरण किये जाने का दोषी पाये जाने से संबंधित प्रतिवेदन जिला पंचायत में प्रस्तुत किया गया। जिसकी सुनवाई के दौरान तत्कालीन सरपंच और सचिव को दोषी करार देते हुए बराबर-बराबर 2 लाख 50 हजार रुपये एवं 2 लाख 50 हजार रुपये वसूली योग्य मानते हुए देयता निर्धारित किया गया था। सुनवाई के दौरान अनावेदकगणों को जवाब प्रस्तुत करने हेतु युक्ति युक्त अवसर प्रदान किया गया, लेकिन तत्कालीन सरपंच द्वारा कुल अधिरोपित राशि 2 लाख 50 हजार में से ग्राम पंचायत के खाते में 50 हजार रुपये जमा कर न्यायालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी विहित प्राधिकारी जिला पंचायत को पावती प्रेषित की गई, एवं शेष राशि एक माह के भीतर जमा करने का समय चाहा गया इसी तरह अनावेदक दूबर सिंह धुर्वे तत्कालीन सचिव के द्वारा अधिरोपित राशि जमा किये जाने पर प्रकरण से दोष मुक्त किया गया है। कुल मिलाकर अनावेदक तत्कालीन सरपंच शिवनंदन उईके से कुल 2 लाख रुपये वसूली हेतु देयता निर्धारण हेतु आदेश पारित किया गया है।

# मवेशी तस्करी कर रहा ट्रक पलटा, दो भैंसों की मौत




डिंडोरी।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा में अवैध रूप से मवेशी ले जा रहा ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीएम 4903 पलट जाने से दो भैंसों की मौत हो गई वही अन्य मवेशी गंभीर घायल हो गए। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा देर रात लगभग 3 बजे हुआ जब तेज रफ्तार से भाग रहा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से भाग गया जिससे इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि मवेशियों को कहा से ले जाया जा रहा था। घटना के संबंध में थाना प्रभारी बजाग ने बतलाया गया कि घटना मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा में हुई है, और यह इलाका छत्तीसगढ़ की सीमा में आता है, कार्रवाई छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा की जा रही है।

### बजाग क्षेत्र में मवेशी तस्कर सक्रिय

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र बजाग और गोपालपुर चैकी अंतर्गत आने वाले वन ग्रामों से बड़ी संख्या में नियमित मवेषियों की अवैध तस्करी हो रही है। इस पूरे क्षेत्र में पशु तस्कर सक्रिय है। ग्रामीण अंचल के वनग्रामों से लगभग नियमित तौर पर मवेषियों को छत्तीसगढ़ राज्य ले जाया जाता है इसके अलावा नागपुर, जबलपुर आदि क्षेत्रों में भेजे जाने की खबरें है। लेकिन क्षेत्र में पुलिस निष्क्रिय है। जब भी ऐसे वाहन दुर्घटना का शिकार होते है तब ही पशु तस्करी के मामले उजागर होते है, अन्यथा पशु तस्कर निश्चिंतता से जिले में सक्रिय है।

**बैगा टोला आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित, सड़क-पानी-शिक्षा का संकट**

# पेयजल संकट गहराया, जल जीवन मिशन के बावजूद बैगा परिवार प्यासे

डिंडौरी।



राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा बैगा बाहुल्य क्षेत्र के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। पीएम जनमन योजना के तहत सड़क पानी बिजली की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। लेकिन योजना शुरू होने के एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अनेकों बैगा ग्राम मूलभूत सुविधाओं की बाट जोह रहे हैं, और बैगा ग्राम विकास से कोसों दूर दिखाई दे रहे हैं। ताजा मामला जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परसेल का प्रकाश में आया हैं। जहां पोषक ग्राम पिड़रूखी के बैगान टोला में बैगा जनजाति के लगभग आधा सैकड़ा परिवार निवासरत हैं। लेकिन वर्तमान समय में पूरा मोहल्ला मूलभूत सुविधाओं से पूरी तरह से वंचित हैं। यहां पर ग्रामीणों के आवागवन के लिए सड़क तक नहीं हैं। जिस संबंध में ग्रामीणों द्वारा बतलाया गया कि खुले मौसम में हम लोग जैसे तैसे आवागमन तो कर लेते हैं। लेकिन बरसात के मौसम में महिलाओं को प्रसव पीड़ा या फिर गंभीर बीमारी की स्थिति में मुख्य मार्ग तक पहुंचाने का एक मात्र डोली के सहारे लेकर जाना पडता है। आलम यह है कि बैगान टोला के निवासी सुविधाओं को लेकर अनेकों बार ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक मांग कर चुके हैं लेकिन अब तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कोई पहल नहीं की गई है।

### पेयजल की गंभीर समस्या

गांव में जल जीवन मिशन संचालित होने के बावजूद भी गांव के बैगा परिवार इसका लाभ लेने से वंचित है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोला में हैंडपंप के बोर में मोटर पंप पेयजल सप्लाई के लिए स्थापित किया गया है लेकिन वर्षों से वह बंद पडा है। आलम यह है कि मोटर का विद्युत के तार निकालकर एक खंभे में लपेट दिया गया हैं। इस संबंध में विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्रीकांत गुप्ता का कहना हैं कि बैगाओं के सात आठ परिवारों की परेशानी देखते हुए मोटर लगा दी गई थी। इस संबंध में पंचायत से जानकारी लेता हूं। फिर जो भी हो पीने के पानी की व्यवस्था बनाई जाएगी। इसके साथ ही इस मोहल्ले में एक प्राथमिक शाला संचालित है, वह भवन क्षतिग्रस्त होने से शाला भी बंद पड़ी हुई हैं। जिससे नौनिहालों को पढाई में परेशानी आ रही है। वहीं ग्राम पंचायत के सचिव शीघ्र ही व्यवस्था मुहैया कराने की बात कर रहे हैं।

### इनका कहना हैं

पूरे ब्लॉक भर में इस तरह की अव्यवस्थाएं हैं, जल जीवन मिशन पूरी तरह से फेल साबित होती दिख रही हैं। इस बावद कांग्रेस पार्टी ज्ञापन सौंपकर शासन के विरुद्ध प्रदर्शन भी करेंगे।

**महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर**

# शहपुरा में भव्य रोजगार मेला आयोजित 116 युवाओं को मिला स्थायी रोजगार



हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से शहपुरा नगर स्थित आजीविका मिशन कार्यालय में विशेष भारतीय अभियान के अंतर्गत भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में कुल 134 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 116 युवाओं का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन कर उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान किया गया।

रोजगार मेले में सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, C.I.T./DH/SLV, G.T.O., वर्धमान कपड़ा मिल, मराल ओवरसीज लिमिटेड, श्रीराम टू-व्हीलर टेक्नीशियन एवं SIS छत्तीसगढ़ सहित कुल सात कंपनियों ने सहभागिता की। भर्ती अधिकारी राहुल ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत वेतन, पीएफ, ईएसआईसी, पेंशन, मेडिकल सुविधा सहित उनके बच्चों के लिए विशेष विद्यालयों में शिक्षा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने कहा कि यह रोजगार मेला ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे क्षेत्र में रोजगार सृजन को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जनपद पंचायत शहपुरा से जिला प्रतिनिधि भगत सिंह आमों, ब्लॉक समन्वयक चंद्रपाल नागेश्वर, विनोद गुप्ता, दिनेश तिवारी सहित समस्त टीम एवं सीआरपी दीदियों का सराहनीय योगदान रहा।

**100 दिन का रोजगार नहीं मिलने पर कांग्रेस का हमला, आंदोलन की चेतावनी**

# मनरेगा मजदूरी भुगतान में बड़ा संकट, 42 करोड़ रुपये बकाया

डिंडौरी।



जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य करने वाले मजदूरों को लंबे समय से मजदूरी का भुगतान नहीं होने का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। इसको लेकर जिला कांग्रेस कमेटी डिंडौरी ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओंकार सिंह मरकाम विधायक डिंडौरी ने बताया कि जिले में नवंबर 2025 से अब तक हजारों मजदूरों की मजदूरी लंबित है। मनरेगा नियमों के अनुसार 15 दिवस के भीतर मजदूरी भुगतान किया जाना अनिवार्य है, लेकिन डिंडौरी जिले में इस नियम की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। विकास खंडवार लंबित मजदूरी की स्थिति भी चिंताजनक बताई गई है। अमरपुर में 510.91 लाख, बजाग में 485.29 लाख, डिंडौरी में 1136.06 लाख, करंजिया में 324.32 लाख, मेहदवानी में 621.08 लाख, समनापुर में 613.04 लाख, शाहपुरा में 536.79 लाख एवं जल संसाधन मद में 0.25 लाख रुपये की मजदूरी लंबित है। कुल मिलाकर जिले लगभग 42 करोड़ से अधिक की मजदूरी बकाया है। कांग्रेस का कहना है कि मजदूरी समय पर नहीं मिलने से गरीब मजदूरों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। वर्तमान में जिले में मेला मड़ई एवं 15 फरवरी को महाशिवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजन होने के बावजूद मजदूर आर्थिक तंगी के कारण इन आयोजनों में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## मिट्टी का अवैध उत्खनन करते हुए जेसीबी व डम्पर जब्त



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त दल द्वारा जिले में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण के दौरान मिट्टी का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक जेसीबी और मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक वाहन डम्पर जप्त कर किया है। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि करेली तहसील के ग्राम खिरिया में खनिज मिट्टी का अवैध उत्खनन करते हुए एक जेसीबी वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडएल 4438 को जप्त कर पुलिस चौकी सिंहपुर में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया है। इसी तरह करेली तहसील स्थित राजमार्ग चैराहा में खनिज मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर एक डम्पर वाहन क्रमांक एमपी 49 जे 0582 को जप्त कर थाना सुआतला में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। उन्होंने बताया कि इस तरह की संयुक्त कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

## किसानों ने ई- टोकन के माध्यम से उर्वरक का किया क्रय

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। उप संचालक कृषि मोरिस नाथ ने बताया कि ई- विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण) अंतर्गत जिले में 9 हजार 172 किसानों के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया, जिसमें से 2 हजार 460 किसानों द्वारा ई-टोकन जनरेट किये गये और एक हजार 733 किसानों द्वारा ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक क्रय किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन में जिले के किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में किसानों के लिए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है और जिले में उर्वरकों की रैक प्राप्त हो रही है। इसी क्रम में नरसिंहपुर रैक प्वाइंट पर इफको कम्पनी की 2753.7 मी. टन डीएपी प्राप्त हुआ। उप संचालक कृषि ने रैक प्वाइंट पर जाकर उर्वरक का निरीक्षण किया।

## स्फटिक शिवलिंग की आभा और गुरु सानिध्य का संगम



गोटेगांव। क्षेत्र का सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र परमहंसी गंगा आश्रम इन दिनों अपनी दिव्यता के कारण श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। आश्रम में ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की समाधि स्थल पर स्थापित दिव्य स्फटिक शिवलिंग अपनी अलौकिक चमक और पवित्रता से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। आश्रम परिसर में स्थापित जगतगुरु की प्रतिमा इतनी जीवंत है कि दर्शनार्थियों को साक्षात गुरुदेव के सानिध्य और उनके आशीर्वाद का अनुभव होता है। प्रतिदिन गुरुओं व साधकों द्वारा यहाँ वैदिक विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की महाआरती संपन्न की जाती है, जिससे पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान रहता है। विशेष रूप से रविवार को आसपास के क्षेत्रों से यहाँ श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है। भक्तों का मानना है कि इस पावन धरा के दर्शन मात्र से मानसिक शांति मिलती है और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। वर्तमान में यह आश्रम क्षेत्र के प्रमुख आध्यात्मिक ऊर्जा केंद्र के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

### ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन कार्रवाई की मांग

# एसआईआर के तहत 934 नामो पर लगाई गई आपत्तियां



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस विधानसभा क्षेत्र 119 नरसिंहपुर के पिपरिया (रांकई) एवं पिपरिया (लिंगा) सहित अन्य गांवों के ग्रामीणों द्वारा जिला प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अनेकों ग्रामीणों के निर्वाचन नामावली पर एआईआर प्रक्रिया को लेकर आपत्ति दर्ज कराई गई है। यह केवल एक ही ग्राम मे नही हुआ है अनेकों ग्राम के निवासियों के नाम निर्वाचन नामावली पर ने फार्म -7 के माध्यम से सामूहिक, असत्य और भेदभावपूर्ण आपत्तियाँ दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर देवंती परते को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बेबुनियाद आपत्ति लगाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर सख्त विधिक कार्रवाई की मांग की है।



### स्थाई निवासी है मतदाता

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हाल ही में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन ) और बीएलओ सर्वे के दौरान मतदाताओं का भौतिक सत्यापन किया गया था। इस सत्यापन में ग्राम रांकई एवं अन्य गांवों के सभी मतदाता स्थायी रूप से स्थानीय निवासी पाए गए। साथ ही इन मतदाताओं के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में भी विधिवत दर्ज हैं। परन्तु किसी निर्वाचन नामावली के नाम पर आपत्ति लगाना भेदभाव पूर्ण नजर आ रहा है ज्ञापन के अनुसार सभी ग्रामीण स्थाई निवासी है तथा प्रशासन के सभी नियमों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है ऐसी स्थिति फार्म -7 के माध्यम से आपत्ति लगाना दोष पूर्ण है। जांच कर कार्रवाई की जावे।

### 934 मतदाताओं पर आपति

प्रशासन की सभी नियमों का पालन करने के उपरांत भी भगवान सिंह नामक व्यक्ति द्वारा पूरे विधानसभा क्षेत्र में, विशेषकर ग्राम रांकई व आसपास के गांवों के मतदाताओं के खिलाफ फार्म -7 के माध्यम से सामूहिक आपत्तियाँ प्रस्तुत की गईं। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम रांकई के बूथ क्रमांक 150, 151 और 152 से लगभग 710 मतदाता, ग्राम रातीकरार के बूथ क्रमांक 103 और 104 से 96 मतदाता, ग्राम पिपरिया (लिंगा) के बूथ 107 से 122 मतदाता तथा ग्राम पिपरिया (रांकई) के बूथ 148 से 6 मतदाताओं पर आपत्ति लगाई गई है। इस प्रकार कुल 934 मतदाताओं को निशाना बनाया गया है। ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा उक्त संबंध क्या कार्रवाई की जाती है।

### दुर्भावनापूर्ण लगाई गई आपत्ती

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकांश लोग भगवान सिंह को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानते हैं और बिना किसी ठोस प्रमाण या प्रत्यक्ष जानकारी के सैकड़ों मतदाताओं के खिलाफ आपत्तियाँ दर्ज कराना प्रथम दृष्टया दुर्भावनापूर्ण प्रतीत होता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इन आपत्तियों में विशेष रूप से एक समुदाय के मतदाताओं को लक्षित किया गया है, जो संविधान के समानता के अधिकार और धर्म के आधार पर भेदभाव निषेध के सिद्धांतों के विपरीत है। ज्ञापन में रिप्रजेंटेशन आफ द पीपुल्स एक्ट 1950 की धारा 31 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 217 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यदि आपत्तियाँ असत्य या दुर्भावनापूर्ण पाई जाती हैं, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने जांच पूरी होने तक मतदाताओं के नाम न हटाने और यथास्थिति बनाए रखने की मांग की है।

### इनका कहना है

एसआईआर की प्रक्रिया की जा चुकी है, जिनके नाम की आपत्ति आई है, उन्हें नोटिस जारी कर उनका सत्यापन कर नाम जोड़ा गया है। अगर कोई आपत्ति लगाता है तो यह उसकी जिम्मेदारी है, आपत्ति लगाने से किसी को रोका नहीं जा सकता।

**मणिन्द्र कुमार सिंह एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सोमवार को कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित सभी जिला विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने गेहूं खरीदी की प्रगति, धान उठाव की स्थिति, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्रकरणों, श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, विभिन्न ऋण योजनाओं तथा पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूं खरीदी एवं धान उठाव के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रम विभाग एवं पेंशन से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर प्रदान करने के निर्देश दिए। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि अभियान के तहत प्राप्त सभी आवेदनों तथा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। साथ ही अभियान के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने- अपने प्रभार क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें।

## किसानों को नरवाई प्रबंधन पर दी जा रही जानकारी



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राज्य शासन के निर्देशानुसार किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत जिले की सभी 6 विकासखंडों में कृषि रथ चलाया जा रहा है। जिले के किसानों को ई- विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण), आधुनिक कृषि यंत्रों और उन्नत खेती आदि की जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम लिघारी, मुंगवानी, पस्ताना, विकासखंड गोटेगांव कके अंतर्गत आने वाले ग्राम नगवारा, कटकुही, बुढ़ैना और विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम घघरौला कला, भौरझिर, करहैया का भ्रमण किया। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देने, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था और पराली प्रबंधन की जानकारी दी गई। किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) प्रबंधन के लिए आधुनिक यंत्रों जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, स्ट्रा रीपर और रीपर कम बाइंडर की तकनीकी जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे यंत्र खेत की तैयारी, नरवाई प्रबंधन और बोनी जैसे तीन काम एक साथ करते हैं। इन यंत्रों के उपयोग से न केवल समय और लागत की बचत होती है, बल्कि पैदावार भी अच्छी मिलती है। उन्होंने किसानों को समझाइश दी गई कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है और वायु प्रदूषण फैलता है। नरवाई न जलाकर उसे खाद के रूप में उपयोग करना ही श्रेष्ठ है। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारी, वैज्ञानिक और किसान मौजूद थे। कृषि रथ आज मंगलवार को विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवनगर नया, बकोरी, बचई, विकासखंड गोटेगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम नेगुवा, उमरिया, भामा और विकासखंड चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सीहोरा, ठुठी, हरई ग्रामों का भ्रमण करेगा। कृषि विभाग ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपेक्षा की है, जिससे उन्हें कृषि संबंधी आधुनिक तकनीकों, योजनाओं और कृषि से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जा सके।

## नागरिकों स्पीड ब्रेकर गति अवरोधक बनाए जाने की मांग की



गोटेगांव नगर के विभिन्न वार्डों और मुख्य मार्गों पर इन दिनों सड़क निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। गुणवत्तापूर्ण कंक्रीट सड़कों के निर्माण से न केवल शहर का स्वरूप बदल रहा है, बल्कि स्थानीय नागरिकों का आवागमन भी पहले की तुलना में काफी सरल और सुगम हो गया है। प्रशासन की इस सकारात्मक पहल की नगरवासियों द्वारा सराहना की जा रही है, लेकिन नई सड़कों के साथ एक नई चुनौती भी सामने आई है। देखा जा रहा है कि चिकनी और बेहतर सड़कें बनने के बाद वाहन चालकों, विशेषकर युवाओं में तेज़ रफ्तार से वाहन चलाने की होड़ मची है। रफ्तार का यह सिलसिला हादसों को आमंत्रण दे रहा है। विशेष रूप से स्टेडियम मार्ग से ठाकुर बाबा मंदिर की ओर जाने वाले हिस्से में सड़क निर्माण के बाद वाहनों की गति काफी बढ़ गई है, जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों और बुजुर्गों में भय का माहौल है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बेहतर सड़कों का लाभ तभी है जब उन पर सफर सुरक्षित हो। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से पुरजोर मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इन मार्गों पर चिन्हित स्थानों पर मानक स्तर के स्पीड ब्रेकर (गति अवरोधक) बनाए जाएं। नागरिकों का मानना है कि ब्रेकर बनने से तेज़ रफ्तार पर अंकुश लगेगा और संभावित बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सकेगा। अब देखना होगा कि प्रशासन इस सुरक्षा मांग पर कितनी जल्दी अमल करता है ताकि नगर का यातायात सुगम के साथ-साथ सुरक्षित भी बन सके।

## नौ दिवसीय भव्य शिव महापुराण का कलश यात्रा के साथ हुआ प्रारंभ



गोटेगांव नगर स्थित साहू मोहल्ला के पास श्री शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। जहा स्थानीय विधायक महेंद्र नागेश ने पहुंचकर यात्रा का स्वागत किया सिर पर में कलश धारण कर श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और जयघोष के साथ नगर भ्रमण किया। जिसके चलते पूरा नगर शिवमय वातावरण में रंगा नजर आया। कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर स्टेडियम मार्ग, ठाकुर बाबा, सराफा बाजार, भगत राम चौराहा एवं पुरानी गल्ला मंडी होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों के व साथ निकली शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन समिति के अनुसार श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मिनी स्टेडियम ग्राउंड के पास, में किया जा रहा है। यह नौ दिवसीय कथा 8 फरवरी से प्रारंभतक होकर 16 फरवरी 2026 चलेगी। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। कथा का वाचन परम पूज्य आचार्य प्रसून तिवारी 'रामजी' महाराज के मुखारविंद से किया जाएगा। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को शिव महापुराण के विविध प्रसंगों का विस्तार से श्रवण कराया जाएगा। प्रतिदिन पूजा-अर्चना, शिव स्तुति, भजन-कीर्तन एवं आरती का आयोजन भी किया जाएगा। कथा स्थल पर विशेष रुद्राभिषेक, हवन पूजन तथा सामूहिक जप का कार्यक्रम रखा गया है। समापन दिवस 16 फरवरी को पूर्णाहुति, महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। कथा स्थल पर बैठने, पेयजल, प्रसाद वितरण एवं वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजन को सफल बनाने में नगर के सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है।

## तेंदूखेड़ा टीम रही विजेता और भामा टीम उपविजेता



तेंदूखेड़ा समीपी ग्राम भामा में स्वर्गीय प्रिया सिंह ठाकुर की स्मृति में आयोजित की गई टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में तेंदूखेड़ा टीम ने फाइनल मैच जीतकर 31 हजार नगद और कप को जीतकर ट्राफी को अपने कब्जे में कर लिया। फाइनल मैच में तेंदूखेड़ा टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 12 ओबर के इस मैच में तेंदूखेड़ा टीम ने भामा टीम के सामने 143 रनों का लक्ष्य रखा।जबाब में भामा टीम ने अपने सभी विकेट और ओबर गंबाते हुए 110 रनों पर आल आउट हो गई। मैच में रामगोपाल पटेल मैन आफ दा मैच रहे।इस मौके पर पहुंचे म प्र कांग्रेस कमेटी के दीवान शैलेंद्र सिंह ब्लाक कांग्रेस कमेटी चांवरपाठा अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल ददू उमाकांत दुबे ठा. राघवेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह राजबहादुर सिंह हिमांशु सिंह हीरापुर सरपंच कुलदीप दुबे प्रीतम सिंह देवेंद्र पटेल ठा.धर्मेंद्र सिंह छिदमीलाल पटेल संतोष साहू जनपद सदस्य ज्ञानेश्वर पटेल भूपेंद्र जयवर पं बाबूलाल डॉ. रामचरण डॉ. जगदीश डॉ. रामदयाल पाली डॉ. संजू सिंह राजेंद्र सिंह धर्मेंद्र सिंह राजेश राजकुमार हृदेश पाली शंकर पटेल भैयाराम साहू नेकनारायण सिंह बलराम सिंह शंकर सिंह रामशरण सिंह त्रिलोक सिंह विपिन राजपूत अरविंद बारोलिया झब्बू लाल यशवंत आचार्य महेंद्र पटेल छत्तर केवट अमोल रहीम खान सिंह ग्राम के प्रतिष्ठित जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। तेंदूखेड़ा टीम के कप्तान श्रीकांत पुजारी तथा भामा टीम कप्तान मदन केवट रिंकू पाली दोनों टीमों को निर्धारित राशि एवं कप प्रदान किए गए।

## दिव्यांग बच्चों को वितरण किए उपकरण वितरण



तेंदूखेड़ा विगत दिवस विकास खंड स्तर पर दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 43 बच्चों को ट्राई साइकिल व्हीलचेयर सीपी चेयर ब्रेल किट इयर किट टीएलएम किट एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया । इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र ठाकुर जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र पटेल मनोज पाठक जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर एपीसी श्रीमती अंजू शर्मा जबलपुर से महेंद्र सर अरुण यादव उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य केपी साहिलबार बीआरसी सुनील श्रीवास्तव राजेश सेन जनशिक्षक त्रिलोक जैन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थे सामग्री के वितरण के साथ दिव्यांग बच्चों के भोजन की व्यवस्था भी की गई।

## इमझिरा के विद्यार्थियों का कराया शैक्षणिक भ्रमण



तेंदूखेड़ा विगत दिनों व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण की शुरुआत ककरा घाट पर माँ नर्मदा के दर्शन के साथ की गई। इसके पश्चात भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने शासकीय संजय निकुंज उद्यानिकी बोहानी में विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों का अवलोकन किया जहां पदस्थ कर्मचारी शिवराम जाटव द्वारा ग्राफ्टिंग विधि के माध्यम से पौध संवर्धन की जानकारी प्रदान की गई। इसके पश्चात शिक्षक अजय शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को शासकीय राघव कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बोहानी का भ्रमण कराया गया।प्रखर शर्मा कृषि विषयक जानकारी प्रदान की गई। जहां उन्होंने मशरूम की खेती एवं विभिन्न प्रकार के फूलों की खेती के बारे में अवगत कराया।तत्पश्चात विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी का भ्रमण किया जहाँ प्राचार्य डॉ. अरुण तिवारी के निर्देशन में परिसर का अवलोकन कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए मैस में भोजन की व्यवस्था की गई तथा उनका इंटलजेंसी टेस्ट लेकर उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षक साथियों को सम्मानित किया गया। भ्रमण में विद्यालय के व्यवसायिक शिक्षक आदित्य घोषी राकेश पटेल श्रीमती ऊषा पटेल श्रीमती सुनीता काछी दीपक दुबे उपस्थित रहे। भ्रमण में कक्षा 9वीं के 22 तथा कक्षा 11वीं के 21 विद्यार्थी शामिल हुए। अंत में सभी विद्यार्थियों की सुरक्षित वापसी कराई गई। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा।

# जंगल में शिकार करने गये अपराधियों ने वन रक्षक पर किया हवाई फायर

### पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार भेजा जेल

तेंदूखेड़ा विगत दिनों सुआतला थाना क्षेत्र अंतर्गत वनरक्षक ऋषिकेष टैगौर बीट पश्चिम आमापानी वनवृत आमापानी गेम परिक्षेत्र डोंगरगांव बीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व जिला सागर द्वारा थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह जब अपनी बीट में गस्ती कर रहा था तभी ग्राम आमापानी खारी तालाब के पास तीन व्यक्ति राजा अन्नू और सेवक दिखे जिन्हें वनरक्षक द्वारा आवाज लगायी गई ।तब आरोपियों द्वारा अन्य साथियों द्वारा हवाई फायर किये गये। जिसके डर से वन रक्षक एवं चौकीदार अपनी मोटरसाइकिल छोडकर भाग गये थे।भाग जाने के उपरांत आरोपीगणों द्वारा वनरक्षक की मोटरसाइकिल को बदूंको की वट से कुल्हाडी से झतिग्रस्त कर दिया गया था और फरार हो गये थे । वनरक्षक की रिपोर्ट पर थाना सुआतला में अपराध क्र. 44/26 धारा 132 296 (ख) 125 324 (4)351(2) 3 (5) बी.एन.एस.का पंजीबध्द कर

विवेचना में लिया गया। तभी से आरोपीगणों की तलाश करते हुए आरोपी राजा सेवक व अन्नू को 9 फरवरी को अभिरक्षा में लेकर कढाई से पूंछताछ की गई जिनके द्वारा बताया कि शिकार करने राजा सेवक अन्नू अभिषेक एंव रंजीत कैलाश ये सभी आरोपीगण घटना के समय एक साथ थे राजा अभिषेक और अन्नू द्वारा अपनी बंदूक से एक एक हवाई फायर किये गये थे। सभी आरोपीगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया । प्रकरण में राजा लोधी से एक 12 बोर बंदूक एक भरमार बंदूक एंव 02 जिंदा कारतूस 12 बोर के जप्त किये गये।एंव आरोपी अन्नू लोधी से एक भरमार वंदूक को जप्त किया गया आरोपी सेवक से एक कुल्हाडी को जप्त किया गया। प्रकरण में धारा 25 27 आर्म्स एक्ट का इजाफा किया गया है।

इस सफलता में निरीक्षक प्रियका केवट सउनि सुमित तिवारी प्र.आर.अशोक अहिरवार आसिम हुसैन जितेन्द्र पटैल आरक्षक सुधर्म श्रीवास्तव सतेन्द्र वेन शंशाक मिश्रा राजेश यादव अखिलेश विनोद की अहम भूमिका रही। उक्त सभी आरोपियों को जेल भेजा गया जिसमें राजा उर्फ राजेन्द्र पिता फौलाद लोधी उम्र 22 साल निवासी केरपानी रंजीत पिता हुकुम सिंह लोधी उम्र 30 साल निवासी रमखिरिया सरसला टपरिया अनिल उर्फ अन्नी लोधी पिता प्रहलाद लोधी उम्र 29 साल निवासी रमखिरिया

**सेवक पिता हरिराम ठाकुर उम्र 21 साल निवासी रमखिरिया**

कैलाश नौरिया पिता हरिचरण नौरिया उम्र 23 साल निवासी ग्राम रमखिरिया अभिषेक पिता महेन्द्र पटैल लोधी उम्र 22 साल निवासी हिरनपुर थाना सुआतला प्रमुख रुप से शामिल हैं।